भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3613
दिनांक 02.04.2025 को उत्तरार्थ

तेलंगाना के निर्मल जिले में स्वामित्व योजना

3613 श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सर्वे ऑफ विलेजेस एंड मैपिंग विथ इम्प्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरियाज़ (स्वामित्व) योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ड्रोन सर्वेक्षण के अंतर्गत राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितने क्षेत्र को कवर किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विशेष रूप से तेलंगाना राज्य के निर्मल जिले में स्वामित्व योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रो.एस.पी.सिंह बघेल)

(क) स्वामित्व योजना के तहत धनराशि मुख्य रूप से भारतीय सर्वेक्षण विभाग को ड्रोन का उपयोग करके बड़े पैमाने पर मानचित्रण (एलएसएम) करने और भाग लेने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सतत संचालन संदर्भ स्टेशन (सीओआरएस) स्थापित करने के लिए आवंटित की जाती है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग को अब तक जारी की गई धनराशि इस प्रकार है:

सीओआरएस	₹ 116.54 करोड़
एलएसएम	₹ 257.93 करोड़

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय परियोजना निगरानी इकाई (एनपीएमयू), स्थानिक नियोजन एप्लीकेशन 'ग्राम मानचित्र' में वृद्धि, केंद्रीय अवसंरचना तथा अन्य तकनीकी और सॉफ्टवेयर जरूरतों में सहायता करने के लिए, एनआईसी सर्विसेज इनकॉरपोरेटेड के माध्यम से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) को 40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों तथा राज्य परियोजना निगरानी इकाइयों (एसपीएमयू) की स्थापना के लिए भी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को धनराशि जारी की जाती है। आईईसी और एसपीएमयू के लिए जारी की गई धनराशि का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक 1** में दिया गया है।

(ख) अब तक, स्वामित्व योजना के अंतर्गत 3.20 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। प्रति गांव औसत आबादी वाले क्षेत्र के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, इन सर्वेक्षणों द्वारा कवर किया गया अनुमानित कुल क्षेत्रफल 68,122 वर्ग किलोमीटर है। राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक 2** में दिया गया है।

(ग) तेलंगाना राज्य ने 19 अप्रैल, 2022 को स्वामित्व योजना के कार्यान्वयन के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। राज्य ने पाँच गाँवों में प्रायोगिक (पायलट) सर्वेक्षण शुरू किया: आदिलाबाद (आदिलाबाद जिला), मलकाजगिरी (रंगा रेड्डी जिला), रंगारेड्डी (रंगा रेड्डी जिला), जनगांव (जनगांव जिला), और कामारेड्डी (कामारेड्डी जिला), जहाँ मौजूदा राजस्व या भूकर रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं थे।
इसके बाद तेलंगाना ने इन पांच प्रायोगिक (पायलट) गांवों से आगे स्वामित्व योजना का विस्तार न करने का निर्णय लिया है। परिणामस्वरूप, यह योजना तेलंगाना के निर्मल जिले में लागू नहीं हो पाई है।

***

अनुलग्नक 1

'तेलंगाना के निर्मल जिले में स्वामित्व योजना' के संबंध में दिनांक **02.04.2025** को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **3613** के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

स्वामित्व योजना के तहत आईईसी और एसपीएमयू के लिए राज्यों को जारी धनराशि का विवरण

राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	**कुल (रूपए में)**
आंध्र प्रदेश	26,70,000
अरुणाचल प्रदेश	16,54,250
असम	1,16,99,750
छत्तीसगढ़	13,14,500
दादरा नगर हवेली और दमन दीव	2,19,750
गुजरात	33,36,641
हरियाणा	21,61,270
हिमाचल प्रदेश	41,15,250
कर्नाटक	7,75,125
केरल	3,84,375
लद्दाख	30,375
मध्य प्रदेश	92,77,500
महाराष्ट्र	10,52,500
मिजोरम	2,77,750
ओडिशा	11,50,000
पंजाब	67,84,500
राजस्थान	61,40,000
त्रिपुरा	3,87,000
उत्तर प्रदेश	1,44,75,000
उत्तराखंड	15,10,000

अनुलग्नक 2

'तेलंगाना के निर्मल जिले में स्वामित्व योजना' के संबंध में दिनांक **02.04.2025** को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **3613** के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

स्वामित्व योजना में ड्रोन सर्वेक्षण के अंतर्गत कवर किए गए क्षेत्र का विवरण

क्र.सं	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**औसत आबादी क्षेत्र (वर्गकिमी)**	**कवर किए गए गांव**	**कवर किए गए आबादी क्षेत्र** (वर्गकिमी)
1.	आंध्र प्रदेश	0.8	13321	10656.8
2.	अरुणाचल प्रदेश	0.25	3483	870.75
3.	असम	0.4	946	378.4
4.	छत्तीसगढ़	0.08	15791	1263.28
5.	गुजरात	0.15	14101	2115.15
6.	दिल्ली	0.31	31	9.61
7.	दादरा नगर हवेली	0.09	80	7.2
8.	हरियाणा	0.08	6260	500.8
9.	हिमाचल प्रदेश	0.004	13882	55.528
10.	जम्मू एवं कश्मीर	0.03	4400	132
11.	झारखंड	0.8	240	192
12.	कर्नाटक	0.25	18479	4619.75
13.	केरल	4	597	2388
14.	लद्दाख	0.22	232	51.04
15.	लक्षद्वीप द्वीपसमूह	2.2	10	22
16.	मध्य प्रदेश	0.3	43014	12904.2
17.	महाराष्ट्र	0.15	37609	5641.35
18.	मिजोरम	0.25	319	79.75
19.	मणिपुर	1.01	209	211.09
20.	ओडिशा	0.02	2724	54.48
21.	पुद्दुचेरी	1	96	96
22.	पंजाब	0.08	10458	836.64
23.	राजस्थान	0.06	35771	2146.26
24.	उत्तर प्रदेश	0.24	90573	21737.52
25.	उत्तराखंड	0.155	7441	1153.355
	कुल		320067	68122.95

शामिल नहीं किए गए: राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र

- *अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, गोवा, त्रिपुरा- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास पहले से ही रिकॉर्ड मौजूद थे।*
- *सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना- के केवल कुछ प्रायोगिक (पायलट) गांवों का सर्वेक्षण किया गया*